Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:53 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:40 बजे

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 59 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 14 अगस्त 2026
ज से पहले...पेज-3 पर

## सूचना

15 अगस्त, 2026 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त **उत्तरांचल दीप** कार्यालय में पूर्णत: अवकाश रहेगा, जिस कारण समाचार पत्र का अगला अंक 17 अगस्त, 2026 को प्रकाशित किया जाएगा। - **संपादक**

## घायल श्रमिकों से मिले सीएम धामी, मृतकों के लिए चार-चार लाख देने की घोषणा

**चमोली**

हमारे संवाददाता

विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की निर्माणाधीन टनल में अचानक भारी मात्रा में मलबा और पानी आने से वहां काम कर रहे मजदूर अंदर ही फंस गए थे। इसमें करीब सात मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों की तलाश अब भी जारी है।

जेसाल गांव के नीचे यह हादसा हुआ है। दो दिन से ऊपर से मलबा गिर रहा था, लेकिन परियोजना प्रबंधन ने ध्यान नहीं दिया। सीएम धामी अस्पताल में घायल श्रमिकों से मिलने पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना। सीएम ने मृतकों के लिए चार-चार लाख देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेस्क्यू अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी उपलब्ध संसाधनों एवं तकनीकी विशेषज्ञता का प्रभावी उपयोग किया जाए। उन्होंने बचाव कार्य में जुटी एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, पुलिस सहित सभी टीमों के साथ समन्वय बनाए रखने तथा टनल में फंसे शेष तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने टनल साइड का जायजा लिया और फिर जिला अस्पताल गोपेश्वर में घायलों का हालचाल जानने हेली से रवाना हुए। टीएचडीसी की विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना के टीआरटी टनल की लंबाई लगभग 3 किलोमीटर है। टनल के लगभग 1.50 किलोमीटर हिस्से में भूधंसाव के कारण मलबा एवं पानी आने की स्थिति उत्पन्न हुई है। इसके चलते टनल में कार्यरत कुछ लोग अंदर फंस गए।




### नीले ड्रमों के सहारे जवान रेस्क्यू में जुटे

बताया जा रहा है कि टनल में गले तक पानी और मलबा भर गया है। रात करीब दस बजे एनडीआरएफ की टीमें तीन वाहनों से टनल में घुसी। नीले रंग के ड्रम भी टनल में ले जाए गए हैं। पानी में इन ड्रमों के सहारे आगे बढ़कर जवान रेस्क्यू अभियान में जुटे हैं। देर रात तक घायलों का रेस्क्यू अभियान जारी था। वहीं, टनल में अधिक पानी भरने के कारण रेस्क्यू में दिक्कतें आ रही हैं। एसपी चमोली सुरजीत सिंह पंवार ने बताया कि श्रीनगर गढ़वाल से राफ्ट मंगाई गई है, उससे लापता छह लोगों का रेस्क्यू किया जाएगा।

## News कॉर्नर

### केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली एम्स में हुए भर्ती

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को तबीयत बिगड़ने के बाद एम्स अस्पताल में भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने उनकी जांच की। बीती शाम बेचैनी के बाद एम्स लाया गया था। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को अस्वस्थ महसूस होने पर दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें 13 अगस्त की शाम को बेचैनी महसूस हुई थी। डॉक्टरों ने उनकी तत्काल जांच की, जिसमें हृदय संबंधी परीक्षण भी शामिल थे। मंत्री नड्डा को बेचैनी की शिकायत के बाद तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एम्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने उनकी गहन जांच की। इस जांच प्रक्रिया में हृदय की नसों का एंजियोग्राफी टेस्ट भी शामिल था। यह परीक्षण हृदय की धमनियों की स्थिति का आकलन करने के लिए किया जाता है।

अस्पताल प्रशासन ने बताया कि सभी आवश्यक चिकित्सा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। उनकी हालत अभी स्थिर बताई जा रही है, जो एक राहत की बात है। उन्हें एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग में विशेष निगरानी में रखा गया है। उच्च पदस्थ अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली है। जेपी नड्डा को बेचैनी महसूस होने के तुरंत बाद एम्स लाया गया था। डॉक्टरों ने बिना किसी देरी के उनकी प्रारंभिक जांच शुरू की। हृदय की नसों की एंजियोग्राफी टेस्ट एक महत्वपूर्ण कदम था। यह टेस्ट यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया कि हृदय संबंधी कोई गंभीर समस्या न हो।

सीजेआई सूर्यकांत ने बीसीआई को लगाई फटकार

## छात्रों को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकारः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**

एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने नालसर विश्वविद्यालय के छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध को रोकने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया के निर्देशों पर कड़ी नाराजगी जताई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि छात्रों को अपनी बात रखने का अधिकार है। अदालत ने बीसीआई की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई को अनुचित बताया।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा की ओर से जारी किए गए उन निर्देशों की कड़ी निंदा की। दरअसल, भारत के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ विरोध अभियान के चलते नालसर विश्वविद्यालय के छात्रों का नामांकन रोकने का आदेश दिया गया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि छात्रों को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है और उन्होंने इस मामले में बीसीआई की भूमिका पर सवाल उठाया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा,बीसीआई बेवजह कार्रवाई कर रहा है। अगर छात्रों के पास विरोध करने का कोई कारण है, तो उन्हें विरोध करने का अधिकार है। छात्र मुझे पत्र भी लिख सकते थे। यह छात्रों और मेरे बीच संवाद है। वे (बीसीआई) कौन होते हैं बेवजह मुद्दा उठाने वाले? यह बिल्कुल अनुचित है। बीसीआई का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा, मैं खुद छात्र जीवन के दौरान छात्र गतिविधियों में शामिल रहा हूं। वे शांतिपूर्वक अपनी आवाज उठा रहे हैं, उन्हें इसकी अनुमति मिलनी चाहिए। भले ही वे गलत हों, फिर भी उन्हें विरोध करने का अधिकार है। उन्हें कौन रोक सकता है? जब तक वे कानूनी और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठा रहे हैं, उनकी बात सुनी जानी चाहिए। बार काउंसिल या कोई अन्य संस्था इसमें हस्तक्षेप क्यों करे?

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने ये टिप्पणियां तब कीं जब वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर ने मौखिक रूप से बीसीआई अध्यक्ष के निर्देशों के विरुद्ध दायर एक रिट याचिका का जिक्र किया। परमेश्वर ने बताया कि हालांकि बीसीआई अध्यक्ष ने बाद में निर्देश वापस ले लिए, लेकिन याचिका पर कार्रवाई का आधार अभी भी बना हुआ है।




## डबल मर्डरः ऊधमसिंह नगर के साधु ने अंकित और इसरार को लगाया जहर का इंजेक्शन, जिंदा दफनाया

**रटौल/बागपत**

एजेंसी

बागपत के सिंगौली तगा गांव से 25 जुलाई से लापता दिव्यांग अंकित प्रजापति और इसरार के शव लहचौड़ा के श्रीगणेश मंदिर परिसर में गड्ढे में दफन मिले। साधु ने अपने दो साथियों और एक नाबालिग के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

सिंगौली तगा के दिव्यांग अंकित प्रजापति (28) और उसके दोस्त इसरार (30) को साधु नरेशनाथ ने अपने दो शिष्यों और एक नाबालिग के साथ मिलकर जहर का इंजेक्शन लगाया। उसके बाद लहचौड़ा के श्रीगणेश मंदिर परिसर में गड्ढा खोदकर जिंदा दफन कर दिया। दोनों के शव जहां दबे हुए थे, उसके ऊपर ही धूनी जमाने के बाद साधु 14 दिन तक बैठकर पूजा करता रहा। पुलिस ने हत्यारोपी उज्ज्वल निवासी पूरनपुर नवादा को मंदिर के पास से गिरफ्तार किया तो उसने पूरी घटना का खुलासा किया। उज्जवल की निशानदेही पर ही पुलिस ने मंदिर परिसर में बृहस्पतिवार तड़के ढाई बजे चार फीट गहरे गड्ढे की खोदाई कर दोनों के शव निकाले। शव काफी दिन से दबे होने के कारण क्षत-विक्षत हो चुके थे और कई जगह से कंकाल की तरह हड्डियां दिखने लगी थी। इस घटना में शामिल दूसरे आरोपी कृष्णा निवासी धुम्मा भुलंदी जिला जौनपुर को बृहस्पतिवार को घर से गिरफ्तार करके देर रात तक यहां लाया गया। वहीं साधु नरेशनाथ निवासी कुंडेश्वरी जिला ऊधमसिंह नगर 8 अगस्त को मंदिर से गायब हो गया था। उसकी व नाबालिग की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगी हुई हैं। शव क्षत-विक्षत होने के कारण गाजियाबाद से फोरेंसिक एकसपर्ट बुलवाकर पोस्टमार्टम शुक्रवार को कराए जाएंगे।

सिंगौली तगा गांव की भावना ने बताया कि उसका दिव्यांग भाई अंकित प्रजापति अपने दोस्त पेंटर इसरार के साथ 25 जुलाई को रटौल घूमकर आने की बात कहकर बाइक से निकला था। वापस नहीं आने पर काफी तलाशने के बाद 27 जुलाई को चांदीनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने 29 जुलाई को गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों के मोबाइल की सीडीआर निकलवाकर जांच की तो उसकी लोकेशन लहचौड़ा गांव के श्रीगणेश मंदिर के आसपास मिली। एसपी सूरज कुमार राय के अनुसार साधु नरेशनाथ के शिष्य उज्ज्वल को बुधवार देर शाम हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने पूछताछ में बताया कि अंकित के परिवार की लड़की के साथ साधु नरेशनाथ के अनैतिक संबंध थे।

## गुम मोबाइल ने मिलाया खाकी और जनता का भरोसा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

सफर के दौरान गुम हुआ कीमती मोबाइल फोन मिलने के बाद एक अध्यापिका के चेहरे पर खुशी लौट आई। नैनीताल पुलिस की सतर्कता और होमगार्ड की ईमानदारी से पिथौरागढ़ के बेरीनाग निवासी अध्यापिका शीला आगरी का मोबाइल उन्हें सकुशल वापस मिल गया।

जानकारी के मुताबिक अध्यापिका शीला आगरी हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र में सफर कर रही थीं। इसी दौरान उनका मोबाइल फोन कहीं गुम हो गया। बाद में पुलिस बहुउद्देशीय भवन हल्द्वानी में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड राहुल देव को लावारिस हालत में मोबाइल मिला। राहुल देव ने मोबाइल को अपने पास रखने के बजाय उसके वास्तविक स्वामी की तलाश शुरू की। प्रयासों के बाद अध्यापिका शीला आगरी से संपर्क कर उन्हें मोबाइल मिलने की जानकारी दी गई। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मोबाइल उन्हें सौंप दिया गया। खोया मोबाइल वापस मिलने पर अध्यापिका ने नैनीताल पुलिस और विशेष रूप से होमगार्ड राहुल देव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी की ईमानदारी और संवेदनशीलता ने आमजन के बीच खाकी के प्रति भरोसा और मजबूत किया है। मोबाइल मिलने के बाद उसे अपने पास रखने के बजाय उसके असली मालिक तक पहुंचाने की पहल कर होमगार्ड राहुल देव ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की।

## बारिश के चलते पिथौरागढ़ नैनीताल में आज स्कूल बंद

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में 14 से 17 अगस्त तक मौसम खराब रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेशभर में बारिश का अनुमान जताया है। देहरादून, बागेश्वर और नैनीताल में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के निदेशक डॉ.सीएस तोमर ने गुरुवार को बताया कि देहरादून, बागेश्वर और नैनीताल में भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका है। वहीं, प्रदेश के अन्य जनपदों में बारिश के अनुमान को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने लोगों से मौसम की स्थिति पर नजर रखने और बारिश के दौरान आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए पिथौरागढ़ और नैनीलात के प्रशासन ने शुक्रवार को स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने का निर्णय लिया है।

## नैनीताल में तिरंगा यात्रा में गूंजा राष्ट्र गौरव का संदेश

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

देश की आन, बान और शान के प्रतीक राष्ट्रध्वज के सम्मान में नैनीताल में बीरवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा मल्लीताल स्थित चीना बाबा मंदिर से लेकर पंत पार्क तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा नैनीताल भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की के नेतृत्व में संपन्न हुई।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने 15 अगस्त (शनिवार) को हर बूथ एवं हर कार्यकर्ता के घर तथा दुकान और प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया। विधायक सरिता आर्या ने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हर घर तिरंगा आह्वान को जन.जन तक पहुंचाने की अपील की।



उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान, शान व एकता और अखंडता का प्रतीक है।

प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं तिरंगा फहराने के साथ अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करे। कार्यक्रम में दायित्वधारियों समेत भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्राथमिकता से प्रतिभाग किया।सभी ने संकल्प लिया कि 15 अगस्त को हर बूथ और हर घर तक तिरंगा पहुंचाकर राष्ट्रध्वज को पूरे सम्मान एवं गौरव के साथ फहराया जाएगा।

# सीडीओ ने बैठक लेकर दिए कई दिशा निर्देश

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता




जिले के सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे की अध्यक्षता में बीरवार को विकास खण्ड सभागार भीमताल में भारत विभाजन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले व्यक्तियों की स्मृति एवं सममान में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के आयोजन हेतु बैठक आयोजित की।

सीडीओ पांडेय ने कहा कि भारत विभाजन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले व्यक्तियों की स्मृति एवं सममान में 14 अगस्त यानी (आज) को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने समस्त राजकीय एवं निजी उच्च शिक्षण संस्थानों/महाविद्यालयों को निर्देश दिये कि अपने.अपने संस्थानों में कार्यक्रम का गरिमापूर्ण एवं प्रभावी ढंग से आयोजन सुनिश्चित करें साथ ही विद्यार्थियों, प्रशिक्षार्थियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं कर्मचारियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत विभीषिका प्रदर्शनी का आयोजन एवं विद्यार्थियों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा उसका अवलोकनए विभाजन के दौरान दिवंगत व्यक्तियों की स्मृति में दो मिनट का मौन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जायें।

उन्होंने विद्यालयों में भाषण, निबंध, वाद विवाद, परिचर्चा एवं क्विज प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम से संबंधित गतिविधियों का प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा विभाजन से प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों के अनुभव एवं सुझाव साझा करने के लिए उपयुक्त कार्यक्रम आयोजित करने को भी कहा।




# स्वतंत्रता दिवस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रेशमा बिष्ट व छाया पन्त ने मारी बाजी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के शहीद श्री खेमचन्द्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में हर घर तिरंगा अभियान के पंचम दिवस पर प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार मौर्य की अध्यक्षता तथा हर घर तिरंगा अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. तरुण कुमार आर्य के निर्देशन में स्वतंत्रता संग्राम तथा स्वतंत्रता दिवस से संबन्धित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में अंबर सदन से रेशमा बिष्ट और छाया पन्त ने जबकि बसुन्धरा सदन से इरम बेनजीर और मोनिका कश्मीरा ने प्रतिभाग किया। रोचक एवं कठिन प्रतिस्पर्धा में अंबर सदन ने विजय प्राप्त की।विजयी प्रतिभागियों सहित समस्त प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए प्राचार्य ने सभी छात्र छात्राओं को इस प्रकार की ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय के एक अन्य कार्यक्रम में प्राचार्य की अध्यक्षता में अखिल भारतीय शिक्षा समागम की नोडल अधिकारी डॉ निर्मला द्वारा इनईपी के अंतर्गत विकसित भारत 2047 पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में भावना ने प्रथम ,अनुराधा ने द्वितीय व कविता एवं मीनाक्षी मेहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक में डॉ जयति दीक्षित एवं श्रीमती ममता पांडे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । उक्त दोनों कार्यक्रमों में डॉ. ईप्सिता सिंह,श्रीमती ममता पांडे, श्री संतोष कुमार भारती व प्रेमा देवी सहित समस्त कर्मचारी वर्ग छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कैलाश मानसरोवर यात्रियों को जोड़ा गया हिमालय बचाओ अभियान से

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से संचालित पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के तहत पर्यटक आवास गृह डीडीहाट में बीरवार को सातवें दल का स्वागत करते हुए कुमाऊं मंडल विकास निगम के पूर्व प्रबंधक/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ते हुए शपथ दिलाई।

इसके साथ ही उनके द्वारा चलाए गए पौधारोपण अभियान तहत

यात्रियों को पर्यटक आवास गृह चौकोड़ी व होलीडे होम अल्मोड़ा में पौधारोपण हेतु पौधे दिए। यात्रियों के साथ.साथ दिनेश गुरुरानी ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के पहली बार कैलाश यात्रा में गए रसोइयों का भी वापसी पर माला पहनाकर स्वागत किया। और उन्हें भी पौधारोपण अभियान से जोड़ा। यात्रियों ने दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाई गई पौधारोपण अभियान की मुहिम का स्वागत करते हुए कहा कि उनके द्वारा जो उन्हें पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में पौधे दिए गए थे।उनका उनके द्वारा गुंजी व कालापानी में रोपण किया गया।साथ ही हिमालय को कूड़ा मुक्त करने के लिए कूड़े का भी निस्तारण किया गया। यात्रियों ने कहा कि अब वह यात्रा पूरी होने के बाद अपने घर के परिसर में भी पौधा रोपण करेंगे और अन्य को भी प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में जल के कोऑर्डिनेटर भगवान सिंह रावत, भीम सिंह अधिकारी, दिनेश चंद्र, आवास गृह के प्रबंधक मनोज कुमार, गैस प्रबंधक अशोक कुमार समेत बलवंत सिंह ,बबलु, गजेंद्र सिंह, हर सिंह व ललित उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### 13 सीटर वाहन में 25 बच्चों को बैठा देख कमिश्नर का पारा हाई

**नैनीताल।** कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने नैनीताल भ्रमण के दौरान पाया कि वाहन (मैकस कैब-13 सीटर) में वाहन चालक के द्वारा स्कूल के 25 बच्चों को बैठाया गया है जो परिवहन नियमों के विपरीत है तथा स्कूली बच्चों के जीवन से खिलवाड है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि परिवहन विभाग/यातायात पुलिस द्वारा जनपद अन्तर्गत प्रवर्तन की कार्यवाही नियमित एवं गहन रूप से नहीं की जा रही है भविष्य में यदि इस प्रकार के प्रकरण में कोई दुर्घटना होती है तो इस संबंध में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के उच्चाधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जायेगी। आयुक्त रावत ने संभागीय परिवहन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक (यातायात) को निर्देश दिये है कि स्कूल आने.जाने वाले विद्यार्थियों के समस्त वाहनों विशेषकर उन वाहनों जिसमें ओवरलोडिंग की जा रही है की नियमित एवं सघन चैकिंग करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

### प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल** । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बीरवार को 759वे दिन भी जारी रहा पौधारोपण अभियान के 759वे दिन पर्यटक आवास गृह डीडीहाट परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में भीम सिंह अधिकारी, दिनेश चंद्र व अशोक कुमार उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### स्ट्रीट वेंडर्स का मामला:हाईकोर्ट में सुनवाई अब तीन हफ्ते बाद

**नैनीताल** । उत्तराखंड में स्ट्रीट वेंडर्स के अधिकारों और वर्ष 2014 के स्ट्रीट वेंडर्स एकट के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर बीरवार को सुनवाई हुई। नेशनल हॉकर्स फेडरेशन द्वारा वर्ष 2014 में दायर इस याचिका में स्ट्रीट वेंडर्स का समय समय पर नियमनुसार सर्वे कराने, वेंडिंग जोन तय करने और बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के उन्हें हटाने या सामान जबत न करने की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इससे जुड़ी कई अन्य याचिकाओं का निस्तारण कर दिया है जबकि मुखय याचिका में याचिकाकर्ता को अपना जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय देते हुए अगली सुनवाई की तिथि तीन सप्ताह बाद तय की है।

### प्रतिवादी 6 सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करें:हाईकोर्ट

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के रजिस्ट्रार पद पर तैनात पंकज कुमार वर्मा की नियुक्ति को चुनौती दी गई है। प्रो. अनुराधा राय, रवींद्र जुगरान और त्रिभुवन चंद्र जोशी द्वारा संयुक्त रूप से दाखिल की गई कॉवारंटो याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने पंकज कुमार वर्मा के साथ भारत सरकार, वाडिया इंस्टीट्यूट और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग सहित सभी संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर 6 सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### धार्मिक अनुष्ठानों से मिलती है मन को शांति :डा.आर्य

**नैनीताल** ।भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ भुवन चंद्र आर्य ने बीरवार को नैनीताल विधानसभा के बेतालघाट विकास खंड के शीम शिव मंदिर में चल रहे भागवत महापुराण में शामिल होकर प्रवचन सुने एवं आशीर्वाद लिया एवं साधुओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भागवत कथा में उपस्थित भक्तजनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में प्रतिभाग करने से वास्तव में मन को शांति मिलती है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वह कुछ समय निकालकर इस तरह के आयोजनों में हर संभव शामिल होने का प्रयास करें। इस दौरान डा.आर्य ने प्रदेश सरकार की ओर से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने के लिए सरकार की ओर से चलायी जा रही विविध योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान ग्राम प्रधान खीम सिंह बिष्ट,खजान पाण्डे,उमेश बर्गली,प्रताप सिंह, आनंद सिंह,जमन सिंह,गंगा सिंह,दयाल सिंह,हरी दत्त,बच्ची सिंह,पूरन सिंह,सौरभ बधानी,भगवत सिंह ,राहुल,कमल,योगेश,रोहित, अभिषेक,नीरज, प्रियांशु व अंकित मौजूद रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# सात माह की गर्भवती निकली 14 वर्षीय किशोरी, आरोपी को भेजा जेल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**

- जिला अस्पताल में जांच में हुई पुष्टि

नैनीताल जिले के दूरस्थ बेतालघाट थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी के गर्भवती होने का मामला सामने आया है। शिकायत पुलिस तक पहुंचाने के बाद आरोपित के विरुद्ध पोकसो की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया गया है। बीडी पांडे अस्पताल नैनीताल में पीड़िता की जांच करने पर उसके सात माह के गर्भवती होने की पुष्टि हुई।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बेतालघाट थाना क्षेत्र निवासी 14 वर्षीय किशोरी बीते शनिवार से पेट मे दर्द की शिकायत बताते हुए स्कूल नहीं जा रही थी। बीते मंगलवार को स्वजनों ने उसका पेट बढ़ा देख सख्ती से पूछताछ की तो उसने कई महीनों से माहवारी नहीं आने और एक युवक द्वारा उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने की जानकारी दी। यह सुन स्वजनों के होश उड़ गए। तत्काल बेतालघाट थाने पहुंच उसके पिता ने पुलिस को शिकायत दी। जिस पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के ही 20 वर्षीय युवक के विरुद्ध 3/4 पोकसो और बीएनएस की धारा 65(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है। इधर बीरवार को पुलिस पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां अल्ट्रासाउंड जांच में उसके 31 माह के गर्भवती होने की पुष्टि हुई। एसआई प्रेमा कोरंगा ने बताया कि फिलहाल पीड़िता के न्यायालय में 164 के बयान कराए जाने है। न्यायालय के निर्देशों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रामगढ़ डिग्री कालेज में अभिविन्यास व तिरंगा रैली का हुआ आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



जिले के राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ में अभिविन्यास कार्यक्रम किया गया जिसमें नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय से साक्षात्कार कराया गया। महाविद्यालय का पठन-पाठन तथा शिक्षकेतर गतिविधियां तथा छात्रवृत्ति, क्रीडा गतिविधियां,शिक्षक अभिभावक संघ, रेड क्रॉस सोसाइटी, एंटी ड्रग प्रकोष्ठ, समर्थ, पुस्तकालय, वाचनालय राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र संबंधी गतिविधियों को प्राध्यापकों के द्वारा सविस्तार बताया गया ।

इस दौरान बिगत वर्षों की आख्या डा नीमा पंत एवं डा. हरेश राम ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत की ।कार्यक्रम का आगाज प्राचार्य प्रोफेसर नगेंद्र द्विवेदी एवं प्रोफेसर विमला सिंह ने दीप प्रज्वलन से किया। संस्कृत प्राध्यापिका डॉ श्वेता विश्नोई ने मंत्रो के उच्चारण से सदन को देवमय बनाया। इससे पूर्व तिरंगा रैली का आयोजन किया गया ।जिसमें महाविद्यालय परिसर से रामगढ़ बाजार में तिरंगा रैली निकाली गई । छात्र.छात्राओं के द्वारा भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारों से संपूर्ण रामगढ़ गुंजायमान हो गया । संपूर्ण बाजार तिरंगे के समुद्र सा प्रतीत हो रहा था । छात्र.छात्राओं का जोश चरम पर रहा रैली का नेतृत्व प्रोफेसर नगेंद्र द्विवेदी द्वारा किया गया ।संचालन संयोजक डॉ हरीश चंद्र जोशी के द्वारा किया गया ।इस अवसर पर कार्यालय प्रमुख कविंद्र प्रसाद,दीप्ती, कुंदन नाथ, गणेश बिष्ट, कमलेश सहित स्नातक प्रथम सेमेस्टर के सभी छात्र.छात्राएं एवं वरिष्ठ छात्र.छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# अभिमत

## जहरीली हवा

*सबसे अधिक जानलेवा वाहनों से होने वाला प्रदूषण है। इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वाहनों के प्रदूषण से हर छह मिनट में एक व्यक्ति की मौत हो जाती है। एक तरह से भारत का हर व्यक्ति जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर है। दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश में लोगों को ध्वनि प्रदूषण, जल प्रदूषण और वायु प्रदूषण की खतरनाक स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। प्रदूषित हवा के कारण हर 34 मिनट में एक बच्चा अस्थमा का रोगी बन जाता है।*

स्वास्थ्य के लिए हर तरह का प्रदूषण घातक है। सबसे अधिक जानलेवा वाहनों से होने वाला प्रदूषण है। इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वाहनों के प्रदूषण से हर छह मिनट में एक व्यक्ति की मौत हो जाती है। एक तरह से भारत का हर व्यक्ति जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर है। दुनिया की सबसे अधिक आवादी वाले देश में लोगों को ध्वनि प्रदूषण, जल प्रदूषण और वायु प्रदूषण की खतरनाक स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। प्रदूषित हवा के कारण हर 34 मिनट में एक बच्चा अस्थमा का रोगी बन जाता है। भारत की राजधानी दिल्ली पूरी दुनिया के प्रदूषित महानगरों में से एक है। दिल्ली के निकटवर्ती राज्यों के कई शहरों को नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) कहा जाता है। एनसीआर में देश की सर्वाधिक घनी आवादी है। देश की कुल आबादी के करीव पांच प्रतिशत लोग एनसीआर में हैं। वाहनों का संचालन भी एनसीआर में अधिक है। स्कूल आने-जाने और अन्य गतिविधियों के कारण बच्चे वाहनों के सम्पर्क में आते हैं और वायु प्रदूषण से अस्थमा के रोगी बन जाते हैं। दो-पहिया और चार-पहिया वाहनों के मुकाबले भारी वाहनों से होने वाले उत्सर्जन से प्रदूषण अधिक हो रहा है। ट्रक और बसों की संख्या मोबाइक, स्कूटी और कार की तुलना में कम है, लेकिन भारी वाहनों से ही प्रदूषण ज्यादा होता है। सरकार ने कम और शून्य उत्सर्जन वाले वाहनों को एनसीआर में संचालित करने का नियम लागू किया। पुराने और अधिक प्रदूषण वाले वाहनों पर रोक लगाई है। प्रदूषण रोकने के उपायों को लेकर राज्यों की रोडवेज बसों को एनसीआर में प्रवेश पर विवाद का सामना करना पड़ा है। कई राज्यों ने कम उत्सर्जन वाली बसों के संचालन को प्राथमिकता दी है। ट्रक और भारी वाहनों के उत्सर्जन का उपाय नहीं हो पाया है। एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति इतनी घातक है कि शीतकाल में कोहरे और वाहनों के उत्सर्जन के कारण दिन में भी 20 मीटर दूरी पर साफ दिखाई नहीं देता है। एनसीआर के अलावा भारत के अन्य क्षेत्रों में भी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड के तराई से लेकर पर्वतीय क्षेत्र में कई बार वाहनों से सड़कों पर यातायात बाधित हो जाता है। ग्रामीण और सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में कबाड़ हो चुके वाहन संचालित हो रहे हैं। वाहनों से सिर्फ वायु प्रदूषण ही नहीं हो रहा है, बल्कि ध्वनि और जल प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो रही है। सभी तरह का प्रदूषण बीमार कर रहा है।

# किसानों को कर्ज नहीं, कमाई का जरिया दें बैंक: डीएम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



किसानों और युवाओं को बैंकिंग योजनाओं से जोड़ने के साथ उनकी आमदनी बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने दिए हैं। उन्होंने साफ कहा कि बैंक केवल ऋण बांटने तक सीमित न रहें, बल्कि किसान और स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में भागीदार बनें। गुरुवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में जिला लीड बैंक सलाहकार समिति एवं आरसेटी की त्रैमासिक बैठक में डीएम ने कृषि ऋण, स्वरोजगार और विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

डीएम ने कहा कि कृषि से जुड़ी योजनाओं की पूरी जानकारी लीड बैंक कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए, ताकि बैंकवार लक्ष्य तय कर पात्र लोगों को समय पर ऋण मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड और एफपीओ फाइनेंसिंग का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। एआईएफ की लंबित फाइलों को 15 दिन के भीतर निस्तारित करने को कहा।

**केसीसी में लापरवाही पर होगी कार्रवाई:** जिलाधिकारी ने किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाने में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। कृषि, उद्यान, दुग्ध, मत्स्य और सहकारिता विभागों को ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंच बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाने वाली योजनाओं को गति देने को कहा गया। उन्होंने उन्नत कृषि यंत्र, उपकरण और बेहतर बीज उपलब्ध कराने के साथ किसानों को उनके उत्पादों का उचित बाजार दिलाने पर भी जोर दिया। डीएम ने लीड बैंक अधिकारी को सभी बैंकों के लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं करने वाले बैंकों की रिपोर्ट उनके नियंत्रक अधिकारियों को भेजने को कहा, ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके।

### होमस्टे से पर्यटन तक योजनाओं को रफ्तार

वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन विकास योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र आवेदनों को शीघ्र स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। दीनदयाल उपाध्याय होमस्टे योजना में मिले 30 आवेदनों में छह स्वीकृत हुए हैं। डीएम ने बैंक स्तर पर लंबित और निरस्त आवेदनों की समीक्षा कर पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाने को कहा।

### बाजार की मांग के हिसाब से युवाओं को प्रशिक्षण

आरसेटी को युवाओं को केवल प्रशिक्षण देने के बजाय रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने पर फोकस करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने आईटी सेक्टर, आयकर, जीएसटी और टैक्स रिटर्न जैसे रोजगारपरक विषयों में प्रशिक्षण बढ़ाने को कहा। शिक्षण संस्थानों में भी युवाओं की रुचि के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने और आरसेटी के प्रशिक्षण में नए प्रयोग करने पर जोर दिया गया।

# धान मिल से तीन मोटर चोरी, पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी दबोचा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

तीनपानी स्थित धान मिल फार्म से रात के अंधेरे में तीन मोटर चोरी कर ले जाने के मामले का पुलिस ने तेजी से खुलासा कर दिया। सीसीटीवी फुटेज और सुरागरसी-पतारसी के आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए चोरी की दो मोटरें बरामद कर लीं। तीसरी मोटर की तलाश में पुलिस जुटी है।

मंडी चौकी क्षेत्र के स्वास्तिक उद्योग से तीन मोटर चोरी होने के मामले में वादी मनोज कुमार बेलवाल ने 12 अगस्त को कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार को सौंपी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ सुरागरसी-पतारसी शुरू की।



जांच में चोरी की वारदात में मौ. सारिक पुत्र अब्दुल वाजिद निवासी छोटी रोड, इंद्रानगर, बनभूलपुरा का नाम सामने आया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की दो मोटर बरामद कर लीं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

पुलिस के मुताबिक वारदात के बाद सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल अहम कड़ी साबित हुई। फुटेज और स्थानीय स्तर पर की गई सुरागरसी के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची और चोरी का माल बरामद कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार, प्रभारी चौकी मंडी, कांस्टेबल अरुण राणा समेत पुलिस टीम ने कार्रवाई में अहम भूमिका निभाई।

# 12 साल बाद भी नहीं मिली राहत, तेजाब कांड के दोषियों की उम्रकैद बरकरार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा के इंदिरा नगर में वर्ष 2014 में हुए चर्चित तेजाब कांड के दोषियों को उत्तराखंड हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली। निचली अदालत से मिली उम्रकैद की सजा को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए सजा बरकरार रखी और दोषियों की अपील खारिज कर दी।

मामला जून 2014 का है। बनभूलपुरा के इंदिरा नगर क्षेत्र में आपसी और पारिवारिक रंजिश के चलते तेजाब फेंकने की सनसनीखेज वारदात हुई थी। घटना में 11 बच्चों समेत 19 लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। अचानक हुए इस हमले से इलाके में हड़कंप मच गया था।

घटना के बाद घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद मामला अदालत पहुंचा और लंबी सुनवाई चली।८ अक्टूबर 2018 में निचली अदालत ने मामले में दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इस फैसले को चुनौती देते हुए दोषियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए निचली अदालत के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार करते हुए उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा।

**11 बच्चों समेत 19 लोग झुलसे थे:** तेजाब कांड में बड़ी संख्या में लोगों के प्रभावित होने के कारण इस घटना ने पूरे हल्द्वानी में सनसनी पैदा कर दी थी। खास तौर पर बच्चों के झुलसने से मामला बेहद गंभीर माना गया था।

**निचली अदालत के फैसले पर हाईकोर्ट की मुहर:** करीब आठ साल पहले सुनाई गई उम्रकैद की सजा को चुनौती देने वाले दोषियों को हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली। अदालत के फैसले के बाद मामले में दोषियों की सजा बरकरार रहना अभियोजन पक्ष के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## फिल्मी दुनिया

# आवारापन 2 ने रिलीज से पहले तोड़े कई रिकॉर्ड





*इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन 2' आज यानी 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। लेकिन फिल्म ने रिलीज से पहले ही कुछ रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। आज से सनी देओल की फिल्म 'बंटवारा 1947' और इमरान हाशमी की 'आवारापन 2' के बीच महाक्लैश देखने को मिलने। रिलीज से पहले इन दोनों फिल्मों की एडवांस बुकिंग के आंकड़े भी सामने आ चुके हैं।*

***कौनसी फिल्म ने बाजी मारी है:*** *आवारापन 2' का पहला पार्ट 'आवारापन' 2007 में रिलीज हुआ था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। फिल्म ने लाइफटाइम सिर्फ 7.7 करोड़ (नेट) की कमाई की थी। लेकिन बाद में लोगों के बीच कल्ट क्लासिक के तौर पर उभर कर आई। अब आवारापन 2 ने एडवांस बुकिंग के मामले में कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने ओपनिंग डे के लिए 4 करोड़ की बुकिंग हासिल की है। वहीं, ट्रेंड एक्सपर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले वीकएंड के लिए 9 करोड़ ग्रॉस की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। यानी फिल्म ने रिलीज से पहले ही पहले पार्ट की लाइफटाइम कमाई को पीछे छोड़ दिया है। 'आवारापन 2' का बॉक्स ऑफिस पर मुकाबला सनी देओल की फिल्म 'बंटवारा 1947' से होने वाला है।*

### बंटवारा 1947' के बारे में

*राजकुमार संतोषी निर्देशित इस फिल्म 'बंटवारा 1947' को आमिर खान प्रोडक्शन ने प्रोड्यूसर किया है, इसमें सनी देओल के अलावा शबाना आजमी, प्रीति जिंटा, करण देओल, अली फजल और अभिमन्यु सिंह जैसे कलाकार दिखाई देंगे। 'बंटवारा 1947' एक भावुक करने वाली कहानी है। यह भारत के बंटवारे के दर्द और उससे जुड़े इंसानी जज्बातों को करीब से दिखाएगी।*

# हरियाली तीज पर मृदुला नारी शक्ति क्लब ने मनाया भव्य उत्सव

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मृदुला नारी शक्ति क्लब की ओर से हरियाली तीज का भव्य कार्यक्रम रामपुर रोड स्थित बैंक्विट हॉल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और तीज पर्व की खुशियां साझा कीं।कार्यक्रम में विभिन्न फन गेम्स, मनोरंजक गतिविधियों एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का खूब मनोरंजन किया। तीज क्वीन प्रतियोगिता में पारुल अग्रवाल को तीज क्वीन चुना गया। कार्यक्रम का मंच संचालन अनु गोयल, प्रियंका गुप्ता, निमिष गर्ग एवं पारुल गर्ग ने शानदार अंदाज में किया। उनकी प्रभावी एंकरिंग ने कार्यक्रम में उत्साह और उमंग बनाए रखी। क्लब की महामंत्री दीपिका अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। वहीं क्लब की अध्यक्ष नीतू अग्रवाल ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुंदर अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में मृदुला नारी शक्ति क्लब की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं और सभी ने मिलकर हरियाली तीज का आनंद उठाया।



# ज्योलिकोट क्षेत्र में जलजनित रोगों को लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड पर

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट क्षेत्र में दूषित पानी के कारण लोगों के बीमार होने तथा एक विद्यालय के 20 छात्रों के जल जनित रोग से ग्रसित होने संबंधी सूचना मिलने के बाद सीएमओ डॉ. रश्मि पंत द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया।

मामले की वास्तविक स्थिति की जांच तथा संभावित जलजनित संक्रमण की स्थिति का आकलन करने के लिए उनके निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को तत्काल ज्योलिकोट क्षेत्र में भेजा गया। सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यालय पहुंचकर मामले की विस्तृत जानकारी ली। टीम द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश से छात्रों के स्वास्थ्य संबंधी स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि विद्यालय में लगभग 630 छात्र अध्ययनरत हैं और यह पूर्ण रूप से आवासीय विद्यालय है। विद्यालय में बीते 4 अगस्त को एक छात्र के जलजनित रोग से ग्रसित होने की जानकारी मिली थी तथा 10 अगस्त तक कुल 200 छात्रों में जलजनित रोग के लक्षण पाए गए। संबंधित छात्रों की स्वास्थ्य एवं प्रयोगशाला जांच विद्यालय से अनुबंधित निजी पैथोलॉजी लैब एवं निजी अस्पताल के माध्यम से कराई गई। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक विद्यालय प्रशासन के अनुसार 13 अगस्त को विद्यालय बंद कर दिया गया जिसके बाद छात्र अपने अपने घरों तथा कुछ अन्य राज्यों में चले गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम जब विद्यालय पहुंची उस समय कोई भी छात्र विद्यालय परिसर में मौजूद नहीं था तथा विद्यालय वर्तमान में बंद है। प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि विद्यालय 31 अगस्त को पुनः खोला जाएगा। सीएमओ द्वारा कहा गया की निजी लैब, निजी चिकित्सालय से उक्त के संदर्भ पर जानकारी ली जाएगी। मामले की वास्तविक स्थिति तथा संभावित संक्रमण के स्रोत की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विद्यालय परिसर से पेयजल के नमूने एवं बलड सैंपल एकत्र किए गए। पानी के नमूनों को आवश्यक जांच के लिए भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद पेयजल की गुणवत्ता एवं संभावित संक्रमण के स्रोत का आकलन किया जाएगा तथा रिपोर्ट के आधार पर आवश्यकता के अनुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान डॉ. गर्वित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, नंदन कांडपाल, एपिडेमियोलॉजिस्टय प्रियंका धोनी, माइक्रोबायोलॉजीय दया चौहान, एएनएम किरण परिहार समेत दीवान बिष्ट आईईसी अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। अभियान के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश समेत डॉ. माधव प्रसाद त्रिपाठी, अक्षय यादव एवं विक्रांत चौधरी ने सहयोग प्रदान किया। सीएमओ डॉ. रश्मि पंत ने कहा कि वर्षा काल में दूषित पेयजल के कारण पीलिया, डायरिया, उल्टी तथा टाइफाइड सहित विभिन्न जलजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे केवल स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल का ही उपयोग करें। पानी को उबालकर अथवा निर्धारित विधि से शुद्ध करने के बाद ही पीएं तथा पेयजल को हमेशा ढककर रखें। उन्होंने लोगों से जलजनित रोगों के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की भी अपील की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ज्योलिकोट से लगे सरियाताल, वीरभट्टी एवं आसपास के क्षेत्रों में भी जागरूकता एवं निगरानी अभियान चलाया गया। टीम ने क्षेत्रवासियों को जलजनित रोगों से बचाव, स्वच्छ पेयजल के उपयोग तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान जिंक एवं ओआरएस का भी वितरण किया गया।

News कॉर्नर

## नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े मामले में जारी नए विज्ञापन पर हाईकोर्ट की रोक

नैनीताल । हाईकोर्ट ने चकराता बलॉक में इंटरनल रिसोर्स पर्सन की नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े मामले में जारी नए विज्ञापन पर रोक लगा दी है।

याचिकाकर्ताओं के अनुसार ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास के लिए शुरू की गई इस चयन प्रक्रिया में दो महिला आवेदक फाइनल मेरिट लिस्ट में पहले और दूसरे स्थान पर रही थीं। आरोप है कि एक स्थानीय विधायक की शिकायत के आधार पर बिना कोई स्पष्ट कारण बताए पूरी चयन प्रक्रिया को बीच में ही रोक दिया गया और नया विज्ञापन जारी कर दिया गया जबकि इसी प्रक्रिया के तहत कालसी और रायपुर बलॉक में नियुक्तियां पूरी कर ली गई थीं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट की खंडपीठ ने नए विज्ञापन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों और पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# दमुवाढूंगा में मालिकाना हक की राह हुई आसान, ड्रोन से डिजिटल सर्वे का काम पूरा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दमुवाढूंगा क्षेत्रवासियों को उनकी भूमि का मालिकाना हक दिलाने की दिशा में प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। शासन के निर्देशों के तहत क्षेत्र के सीमांकन, सर्वे एवं बंदोबस्ती की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है।

प्रशासन द्वारा ड्रोन के माध्यम से क्षेत्र का सर्वे कर पीलर स्थापित किए गए हैं। राजस्व प्रशासन ने सर्वे एवं अभिलेख संबंधी आवश्यक कार्यवाही पूरी कर ली है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि दमुवाढूंगा क्षेत्र में निवासरत पात्र लोगों के अधिकारों एवं हिस्सेदारी से संबंधित अभिलेख तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत पात्र क्षेत्रवासियों को उनके भू-अधिकारों से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए रिकॉर्ड तैयार करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। दमुवाढूंगा क्षेत्र में सीमांकन एवं बंदोबस्ती की प्रक्रिया को



आधुनिक तकनीक से पूरा किया जा रहा है। क्षेत्र का ड्रोन के माध्यम से सर्वे कर डिजिटल अभिलेख तैयार किए जा रहे हैं। त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बंदोबस्ती सुनिश्चित करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दमुवाढूंगा क्षेत्रवासी लंबे समय से अपनी भूमि के मालिकाना हक की मांग को लेकर प्रयासरत रहे हैं। सरकार द्वारा मालिकाना हक दिए जाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने पर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। इसी क्रम में दमुवाढूंगा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मुलाकात कर राज्य सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से भूमि संबंधी मालिकाना हक की प्रक्रिया को जल्द पूरा कर पात्र लोगों को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि पात्र लोगों के भू-अधिकारों से संबंधित अभिलेख तैयार करने की प्रक्रिया नियमानुसार तेजी से पूरी की जा रही है। इससे दमुवाढूंगा के पात्र निवासियों को उनकी भूमि से जुड़े अधिकारों के दस्तावेज उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा।

# पालिकाध्यक्ष डा.खेतवाल ने किया ऐशडेल इंटर कालेज का औचक निरीक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल की पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने बीरवार को नगर पालिका परिषद की ओर से संचालित सूखाताल स्थित कुंदन लाल साह ट्रस्ट नगर पालिका बालिका इंटर कालेज (ऐशडेल) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें कालेज की विज्ञान प्रयोगशाला में ताला लटका मिला वहीं दूसरी ओर कालेज के मैदान में घास जमी पड़ी मिली।

निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष डा.खेतवाल ने विद्यालय में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पायी गयी। कार्यालय में समस्त कर्मचारी उपस्थित पाये गये लेकिन मामले को लेकर शिकायकर्ता बबीता जोशी उपस्थित नहीं पायी गयी। उन्होंने विद्यालय के समस्त कक्षा- कक्षों का निरीक्षण किया गया। विद्यालय के मैदान में घास पायी गयी। विद्यालय के सभी कक्षों का निरीक्षण करने पर विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला में ताला लगा हुआ पाया गया जिस पर उन्होंने कहा कि विद्यालय समय में बंद रहना अनुचित है। पूछने पर अवगत कराया गया कि उक्त प्रयोगशाला की चॉबी संबन्धित अध्यापिका के पास रहती है जो कि नियमविरूद्ध है।

उन्होंने कालेज प्रबंधन को उक्त कक्ष के ताले की चाबी को विद्यालय के अन्य कक्षों की चाबी की भाँति ही रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कालेज की प्रधानाचार्या को कहा कि वह कालेज के विषय में को कोई भी समस्याएँ होने पर लिखित रूप में उनके समक्ष प्रस्तुत करें ताकि समस्याओं पर विचार विमर्श कर यथाशीघ्र समाधान की कार्यवाही की जा सके।साथ ही विद्यालय स्टाफ को निर्देशित किया गया कि भविष्य में कभी भी उनकी ओर से विद्यालय का औचक निरीक्षक किया जा सकता है। विद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार की अनियमितताएँ पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान सभासद सपना बिष्ट,ललिता दफौटी, व शीतल कटियार एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में एक विवाहिता ने गला दबाने तो दूसरी ने जान से मारने की कोशिश का लगाया आरोप

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में दहेज उत्पीड़न से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में विवाहिता महिलाओं ने अपने पतियों और ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। एक महिला ने पति और ननद पर दहेज के लिए मारपीट, गला दबाने और जेवर हड़पने का आरोप लगाया है, जबकि दूसरे मामले में विवाहिता ने पति पर लगातार प्रताड़ित करने और 17 मई 2026 को जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। दोनों मामलों की शिकायत पुलिस को दी गई है।

पहले मामले में ज्योत्स्ना वर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 28 फरवरी 2020 को कमलेश कुमार से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद पति और उसकी बहन भागीरथी आर्या उस पर मायके से रुपये लाने का दबाव बनाने लगे। शिकायत के मुताबिक पति के कहने पर उसके पिता ने दो लाख रुपये दिए, लेकिन इससे भी आरोपी संतुष्ट नहीं हुए। महिला ने आरोप लगाया कि कम रुपये लाने पर उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की गई। उसने पति पर गला दबाने की कोशिश करने और ननद पर चिमटी से हाथ जलाने का आरोप लगाया है। महिला का दावा है कि इसके बाद उसके करीब 20 तोला सोने के जेवर ले लिए गए और कुछ जेवर 24 फरवरी 2022 को करीब 1.97 लाख रुपये में बेच दिए गए।

शिकायत के अनुसार महिला से घर के काम और ननद के बच्चों की देखभाल कराई जाती थी। आरोप है कि उसे मायके से रुपये लाने और नया घर बनवाने का दवाब दिया जाता रहा।

दूसरे मामले में मनीषा पांडे ने मुखानी थाने में तहरीर देकर पति योगेश कुमार नागिला समेत सास, ससुर और ननद पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला के मुताबिक उसकी शादी 3 जून 2024 को हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही कम दहेज लाने को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। शिकायत के अनुसार 19 जनवरी 2025 को उसके साथ मारपीट की गई और हालत बिगड़ने पर पुलिस की मदद से उसे देर रात हल्द्वानी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस और महिला आयोग की काउंसिलिंग हुई तथा पति ने भविष्य में दोबारा मारपीट नहीं करने का लिखित आश्वासन दिया। महिला ने आरोप लगाया कि इसके बाद वह पति के साथ देहरादून चली गई, लेकिन करीब एक माह बाद फिर कथित मारपीट शुरू हो गई।

## ताकुला क्षेत्र में सड़क के गड्ढों को भरा

नैनीताल । नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ताकुला क्षेत्र में सड़क पर जगह.जगह बने गड्ढों को भरा गया है। गड्ढे भरने से लोगों को राहत मिलेगी। परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि लगातार बारिश के कारण फिलहाल सड़क के गड्ढों को पैचवर्क के माध्यम से भरा जा रहा है ताकि यातायात सुचारु बना रहे। उन्होंने कहा कि बरसात समाप्त होने के बाद पूरे क्षतिग्रस्त हिस्से का स्थायी डामरीकरण कराया जाएगा।

# विपक्ष के रवैये पर सांसद भट्ट का हमला, बोले–जनता सब समझ चुकी है

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नैनीताल-उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने लोकसभा में विपक्ष के रवैये पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कांग्रेस पर सदन की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनता अपने प्रतिनिधियों को संसद में इसलिए चुनकर भेजती है, ताकि वे देश की उन्नति, विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करें, लेकिन विपक्ष



लगातार सदन को हंगामे की भेंट चढ़ा रहा है। सांसद भट्ट ने कहा कि मौजूदा लोकसभा सत्र में सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष को विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए लगातार आमंत्रित किया, लेकिन विपक्ष चर्चा से बचता रहा। उन्होंने कहा कि एक ओर विपक्ष जनता के बीच यह आरोप लगाता है कि उसे सदन में बोलने का अवसर नहीं दिया जाता, जबकि दूसरी ओर सरकार की ओर से चर्चा के लिए आमंत्रित किए जाने के बावजूद वह चर्चा से भाग रहा है। यह विपक्ष का दोहरा चरित्र है, जो अब जनता के सामने पूरी तरह उजागर हो चुका है। अजय भट्ट ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे संसद में जनता से जुड़े विषयों को मजबूती से उठाएं और देशहित में सार्थक चर्चा करें।

# दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य ने किया नैनीताल में निर्माणाधीन मेट्रोपोल पार्किंग का निरीक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष और दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्य ने बीरवार को नैनीताल के मल्लीताल स्थित मेट्रोपोल पार्किंग के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नैनीताल में पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए सीएम के लगातार प्रयासों से मेट्रोपोल क्षेत्र में करीब 42 करोड़ रुपये की लागत से पार्किंग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस पार्किंग में लगभग 700 वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था होगी। बताया कि परियोजना को पूरा करने के लिए करीब 18 माह का समय निर्धारित किया गया है। हालांकि संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को कार्य



चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आगामी पर्यटन सीजन और नए साल के सीजन तक पार्किंग के पहले चरण की व्यवस्था शुरू की जा सके। इसके बाद शेष कार्य भी चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मल्लीताल मस्जिद तिराहे से चीना बाबा चौराहे तक सड? का करीब नौ मीटर तक चौड़ीकरण किया जाएगा ताकि सड? पर दो वाहन आसानी से निकल सकें। उन्होंने अधिकारियों व ठेकेदार को निर्देश दिए कि पहले चरण का कार्य नवंबर तक पूरा किया जाए जिससे आने वाले सीजन तक पार्किंग व्यवस्था में भी सुधार हो सके। निरीक्षण के बाद निदेश आर्य ने पत्रकार वार्ता में कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और उसके कार्यकर्ता लगातार सक्रिय होकर संगठनात्मक स्तर पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ता अपने स्तर पर चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए हैं और वर्ष 2027 में भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर प्रदेश में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा की सरकार भारी मतों के साथ बनेगी इस दौरान मनोज जोशी, नितिन कार्की, अरविन्द सिंह पडियार, अमिता शाह, जीवंती भट्ट, भूपेंद्र बिष्ट, मीरा बिष्ट, मोहित लाल साह, रोहित भाटिया, केके शर्मा, ललित ढेला, विशाल सहित मेट्रोपोल ठेकेदार गोपाल सिंह बिष्ट, जेई विवेक भट्ट, अधिशाषी अभियंता पेयजल निगम विनय भट्ट तथा जल संस्थान के जेई गजेंद्र सिंह व जेई चेतन कुमार आदि मौजूद रहे।